an>

Title : Need to check incidents of loot, dacoity and murders by improving law and order situation in Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल: माननीय सभापति, आपने मुझे जीरो आवर में बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

माननीय सभापति : इससे पहले आप बोलना शुरु करें मैं आपको एक बात कहना चाहता हूं। यही विषय श्री अश्वनी कुमार चौबे जी का भी है। आप भी इससे सहमत होंगे कि यह विषय लॉ एंड आर्डर से संबंधित है। लॉ एंड आर्डर राज्य सरकार का विषय है। आप संक्षेप में अपनी बात कहें।

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल : माननीय सभापति जी, बिहार में अपराध की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं और पुनः जंगलराज लौटता दिख रहा है। ऐसी स्थिति बन गई है कि आए दिन लूट, हत्या और डकैती की घटनाएं हो रही हैं। राज्य में लोग भय के वातावरण में जी रहे हैं क्योंकि भयावह स्थिति कायम हो गई है। राही से व्यापारी तक कोई भी अपने को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। हर स्तर पर अपराधियों का बोलबाला है। मैं एक उदाहरण दे रहा हूं, 12.07.2014 को सिवान जिले के महाराजगंज में एक युवा व्यवसायी अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर बैठा था। अपराधियों ने उसे प्रतिष्ठान से उठाकर कहीं ले जाकर उसकी हत्या कर दी। इससे ज्यादा कुछ और खराब नहीं हो सकता है। इससे मात्र एक हफ्ते पहले सिवान से इसी तरह से एक युवा व्यवसायी को उठाकर ले गए और गोली मारकर हत्या कर दी। वहां काफी भयावह स्थिति बन गई है। इस तरह से हर कोई अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। मेरी मांग है कि व्यवसायी चंदन कुमार के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए तथा कठोर कार्रवाई की जाए। मैं विशेषकर गृह मंत्रालय से निवेदन कर रहा हूं कि चंदन कुमार के हत्यारों के ऊपर और इस तरह के अपराध करने वालों के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाए। भारत सरकार राज्य सरकार को निर्देश दे कि ऐसे अपराधियों पर काबू पाए और कानून व्यवस्था स्थापित करे। यही मेरा आग्रह है।